भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 777**

26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष चिकित्सा पद्धति हेतु शैक्षणिक संस्थान**

777. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा देश में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत अवसंरचना विकास के लिए आवंटित निधि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा हरियाणा में विशेषकर सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष चिकित्सा पद्धति हेतु शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने के लिए कोई विशेष अनुदान अथवा सहायता प्रदान की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): देश में राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत अवसंरचनात्मक विकास के लिए सरकार द्वारा 2014-15 से 2023-24 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आवंटित निधि का ब्यौरा **संलग्नक** पर दिया गया है। एनएएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एकमुश्त निधि जारी की जाती है तथा मंत्रालय द्वारा कोई निधि जिला-वार जारी नहीं की जाती है।

(ख) से (घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है और तदनुसार हरियाणा में आयुष पद्धति के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, एनएएम के तहत, उन राज्यों में नए आयुष कॉलेजों की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार को वित्तीय सहायता का प्रावधान है, जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है। एनएएम के तहत, एसएएपी के माध्यम से हरियाणा राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2017-18 के दौरान अंबाला जिले के चांदपुरा में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और वर्ष 2018-19 के दौरान नूंह जिले के अकेरा में यूनानी कॉलेज के लिए स्वीकृति दी है, जिसके लिए आयुष मंत्रालय ने क्रमशः 360.00 लाख रुपये और 540.00 लाख रुपये जारी किए हैं। हालाँकि, आयुष मंत्रालय को सोनीपत संसदीय क्षेत्र में किसी भी आयुष शिक्षा संस्थान की स्थापना के लिए एसएएपी के माध्यम से हरियाणा राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

**संलग्नक**

**देश में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत अवसंरचना विकास के लिए सरकार द्वारा 2014-15 से 2023-24 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आवंटित निधि का ब्यौरा इस प्रकार है:**

| **क्र.सं.** | **राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम** | **आवंटित निधि (लाख रुपए में)** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 364.599 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2918.362 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2137.75 |
| 4 | असम | 7684.603 |
| 5 | बिहार | 2245.7188 |
| 6 | चंडीगढ़ | 849.674 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 6547.5963 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली व दमण और दीव | 401.891 |
| 9 | दिल्ली | 214.733 |
| 10 | गोवा | 1252.1504 |
| 11 | गुजरात | 5876.10701 |
| 12 | हरियाणा | 4411.8494 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 7334.3505 |
| 14 | जम्मू-कश्मीर | 7352.317 |
| 15 | झारखंड | 5703.423 |
| 16 | कर्नाटक | 6863.27598 |
| 17 | केरल | 8719.5667 |
| 18 | लक्षद्वीप | 418.604 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 12503.0538 |
| 20 | महाराष्ट्र | 5578.45 |
| 21 | मणिपुर | 5485.505 |
| 22 | मिजोरम | 1150.414 |
| 23 | मेघालय | 3371.192 |
| 24 | नागालैंड | 3813.563 |
| 25 | ओडिशा | 3992.096 |
| 26 | पुडुचेरी | 1515.377 |
| 27 | पंजाब | 1136.967 |
| 28 | राजस्थान | 11229.364 |
| 29 | सिक्किम | 2345.051 |
| 30 | तमिलनाडु | 6611.042 |
| 31 | तेलंगाना | 5387.81085 |
| 32 | त्रिपुरा | 2445.825 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 37767.1796 |
| 34 | उत्तराखंड | 6476.0054 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 7276.97001 |
| 36 | लद्दाख | 164.644 |
| | **कुल** | **189547.0808** |